# नगर आयुक्त एवं अपर नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण

(ऑडिशन टाइम्स)

**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में नगर में कोविड-19 से ग्रसित कन्टेनमेंट जोनों में रोस्टर के अनुसार कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य। नगर आयुक्त एवं अपर नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन कार्य का किया गया निरीक्षण। नगर निगम में ÷टीका उत्सव के दृष्टिगत 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों कोविड-19 से बचाव हेतु वैक्सीन लगाये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा यूनीसेफ टीम के साथ बैठक की गई।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में कोविड-19 से ग्रसित कन्टेनमेंट जोनों में सेनेटाइजेशन का कार्य नियमित रूप से कराया करया गया जिसके दृष्टिगत नगर में बने कन्टेनमेंट जोन मे मो.सिटी पार्क, डी.एम.कम्पाउन्ड, तारीन जलाल नगर, टाउन हाल गाँधी भवन के पीछे,अम्बेडकर पार्क के




पीछे, कटिया टोला, रैनाबाग कॉलोनी, बिजलीपुरा, खलीलशर्की, साउथ सिटी, मस्जिदगजं, छोटा चौक, सरायकाईयां, वजीरगज, अहमदपुर रेती में कोविड-19 के संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिये नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में नगर निगम क्षेत्र में सेनेटाइजेशन का कार्य वृहद स्तर पर रोस्टर के अनुसार कराया गया नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने कन्टेनमेन्ट जोन में नगर निगम, द्वारा कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमे नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा मो. कटिया टोला व खिरनीबाग में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अपनी देख-रेख में सेनेटाइजेशन कार्य को कराया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देशित किया गया कि नगर में कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों के क्षेत्रों को नियमित रूप से विशेष अभियान के तहत सफाई कार्य के साथ - साथ सेनेटाइजेशन के कार्य को कराना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ.पी. गौतम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित, पवन कुमार उपस्थि रहें। इसके साथ ही नगर में होने वाले सप्ताहिक अवकाश में विशेष अभियान के तहत सेनेटाइजेशन का कार्य कराया जायेगा तथा नगर आयुक्त द्वारा महानगर वासियो से अपील की गई कि कोरोना कोविड-19 के संकमण से बचाव हेतु कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन व एक दूसरे 2 गज दूरी एवं मास्क का उपयोग अवश्य करे।